तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025



हनुमान जयंती पर सुबह से मंदिर में लगा रहा भक्तों ... 12



दर्जी समाज ने हर्षोल्लास से मनाई हनुमान व पीपा ... 12



# विधायक किरण सिंह देव संपत्ति कर जमा करने वाले प्रथम नागरिक बने

## संपत्ति कर समय से पहले जमा करने वालों को मिलेगी छूट : राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

टैक्स को सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत माना जाता है। संपत्ति कर का मतलब है वह वार्षिक राशि जो किसी भू स्वामी संपत्ति स्वामी अपने क्षेत्र की स्थानीय सरकार या नगर निगम को देनी होती है। संपत्ति में सभी मूर्त अचल संपत्ति, उसका घर,कार्यालय भवन और वह संपत्ति शामिल है जिसे उसने दूसरों को किराए पर दिया है। नगर निगम सालाना या अर्धवार्षिक आधार पर संपत्ति कर का आकलन और अधिरोपण करता है। एकत्र की गई राशि का उपयोग मुख्य रूप से सार्वजनिक सेवाओं जैसे सड़कों का मरम्मत,स्कूल,इमारतो का निर्माण, स्वच्छता आदि के लिए किया जाता है। महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन एवं आयुक्त प्रवीण वर्मा के सहयोग से शनिवार को विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एक मुश्त संपत्ति कर का भुगतान किया,जो नगर पालिका निगम के वित्तीय वर्ष 2025-26 मे संपत्ति कर देने वाले प्रथम नागरिक बने। संपत्ति कर जमा करने के साथ-साथ विधायक ने निर्धारित समयवधि में टैक्स का भुगतान ▶▶| शेष पेज 12 पर



### 31 मई तक टैक्स जमा करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट

राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा 31 मई तक संपत्ति कर जमा करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट, 1 जून से 31 जुलाई तक संपत्ति कर जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट, 1 अगस्त से 30 सितंबर तक संपत्ति कर जमा करने पर 4 प्रतिशत की छूट एवं 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक संपत्ति कर जमा करने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस अवसर पर निगम से कुलदीप पाणिग्रही, दिनेश सिंह तथा गाबरियल सिरहा उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### अतिक्रमण पर की कार्रवाई चौपाटी में टेबल-कुर्सी जब्त

**जगदलपुर**। शहीद पार्क चौपाटी में सख्त कार्रवाई करते निगम अमलों ने दुकानदारों के कुर्सी, टेबल व अन्य सामान जब्त करने की कार्रवाई की। निगम आयुक्त प्रवीण कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को शहीद पार्क चौपाटी के दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई। राजस्व अधिकारी राकेश यादव ने बताया कि अतिक्रमण पर निगम द्वारा मुनादी एवं व्यक्तिगत तौर पर अतिक्रमण न करने की दुकानदारों को हिदायत दी गई है। बावजूद दुकानदारों द्वारा लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है । जिसको लेकर निगम आयुक्त के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है । इसी प्रकार आगे भी लगातार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नाली के ऊपर दुकानदार सामान ना रखें, अन्यथा उनके ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी।

### भैंसासुर में दो दिनी देव मेला आज से

**जगदलपुर**। अंतागढ़ ब्लाक के ग्राम भैंसासुर में दो दिवसीय देव मेला आयोजित होगा। यह दो दिवसीय मेला 13 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलेगा। इस मेला में आसपास गांव के देवी देवता, आंगा डांग, मांझी, गायता, पटेल, बैगा शामिल होंगे, जिसे देखने सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। मेला समिति ने आसपास के व्यापारी से अधिक संख्या में इस मेले में आने की अपील की है। मेला की तैयारी पंचायत द्वारा किया जा रहा है। रविवार को रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भुइयां के सिगार बादल (नरहरपुर) रंगारंग प्रस्तुति किया जाएगा।

### रामलीला महोत्सव 20 तक चलेगा

**जगदलपुर**। शहर के पनारापारा धोबीपारा के शिव मंदिर में मैहर रीवा श्रीराम कथा धर्मप्रचारक मंडल द्वारा नवधा रामायण रामलीला महोत्सव 20 अप्रैल तक किया जा रहा है। कल रविवार को परशुराम, लक्ष्मण संवाद, 14 अप्रैल को सीताराम विवाह, 15 अप्रैल को सुर्पणखा नक्टी, सीताहरण, श्रीराम विलाप, 16 अप्रैल को श्री शबरी-राम भेंट, श्रीराम सुग्रीव मित्रता, 17 अप्रैल को बाली वध, 18 अप्रैल को श्री लक्ष्मण शक्ति, कुम्भकरण वध, 19 अप्रैल को मेघनाथ वध, अहिरावण वध एवं 20 अप्रैल को रावण वध, श्रीराम राज्याभिषेक किया जाएगा।

## पर्व : सनातन क्षेत्रीय मंच के कर्मकर्ताओं ने निकाली बाइक रैली

# हनुमान जयंती पर गली-मोहल्ले में धूम मची चालीसा पाठ की गूंज एवं जगह-जगह भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शहर को हनुमान के चित्रयुक्त भगवा झंडा से सजाया गया

अंजनी पुत्र हनुमान के जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को शहर के समस्त हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। हनुमान जयंती शहर में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह से शाम तक जगह-जगह भंडारा हुआ। जहां प्रसाद ग्रहण करने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इधर क्षेत्रीय सनातन मंच के तत्वावधान में शहर में बाइक रैली निकाली गई।

बाइक रैली में सम्मलित कर्मकर्ताओ ने जय श्री राम और जय श्री हनुमान के जयकारे लगाए। शहर को हनुमान के चित्रयुक्त भगवा झंडा से सजाया गया। खासकर प्रमुख चौक-चौराहों पर आकर्षक सज्जा किया गया था। टेकरी वाले हनुमान मंदिर समेत, संजय बाजार हनुमान मंदिर, आंजनेश्वर मंदिर कुम्हारपारा, धरमपुरा मार्ग स्थित हनुमान मंदिर,बालाजी मंदिर स्थित हनुमान मंदिर, प्रतापदेव शिवालय स्थित हनुमान मंदिर, धरमपुरा 3 नम्बर स्थित हनुमान मंदिर, 80 बटालियन नया बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर, आड़ावाल स्थित हनुमान मंदिर,सीताराम शिवालय स्थित हनुमान मंदिर, रेलवे स्थित हनुमान मंदिर, गंगामुण्डा स्थित हनुमान मंदिर, कलचा स्थित हनुमान मंदिर,महादेव घाट स्थित हनुमान मंदिर समेत समस्त हनुमान मंदिरो में विशेष पूजा अर्चना की गई। इस दौरान शहर के हनुमान मंदिरों में भंडारा किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण ▶▶| शेष पेज 12 पर





### 108 हनुमान महामंत्र का जाप

हनुमान जन्मोत्सव पर मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण संध्या 7 बजे 108 हनुमान महामंत्र का जाप किया गया। साथ ही नगर के 46 मंदिरों में संचालित साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ के द्वारा 108 हनुमान महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया। उसके पश्चात हनुमान चालीसा का भव्य पाठ और फिर महाआरती की गई।

### कलाकारों ने किया संगीत प्रस्तुति

आयोजन समिति के डॉ. मनोज पाणिग्राही ने कहा हनुमान जयंती पर पतंजलि परिवार के तत्वावधान में सबके हनुमान- सुरमई संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिसमे राम हनुमान के भक्ति गीत की प्रस्तुति सुररत्न संगीत समूह के कलाकारों धार्मिक प्रस्तुति दी। सबके हनुमान संगीत संध्या में श्रीराम-हनुमान के भक्ति संगीत का भव्य और दिव्य आयोजन पश्चात भक्तगण महाआरती में स्वयं सम्मिलित हुए।

## आधा दर्जन गांवों को लो-वॉल्टेज की समस्या से मिला छुटकारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 400 केव्ही परचनपाल से जुड़ा शिवनी, मधौता उपकेन्द्र, उपभोक्ताओं को मिली राहत

बस्तर जिले के परचनपाल स्थित 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन से बस्तर ब्लॉक शिवनी (मधौता) उपकेंद्र को हॉल ही में जोड़ा गया। ट्रांसमिशन लाइन के जुड़ने के बाद, आसपास के आधा दर्जन गांवों के वोल्टेज में सुधार हुआ और लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान हो गया, इससे ग्रामीणों को राहत मिली। बताया जा रहा है कि शिवनी (मधौता) से लगभग 25 किमी 33 केव्ही लाईन बिछाकर परचनपाल स्थित 400, 220, 132, 33 केव्ही से ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सूचना पर तत्काल पहुंचे

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के ईडी एसके ठाकुर एवं एसई एनके पोयाम ने क्षेत्र के सहायक और कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिया कि वे उपभोक्ताओं की सूचना पर तत्काल स्थल पर पहुंचे और समस्या का प्रयास करें।

## दो लाख का इनामी समेत दो नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

- जगरगुण्डा के साप्ताहिक बाजार में दो जवानों को घायल करने हथियार लूट ले जाने में रहे शामिल

साप्ताहिक बाजार में दो जवानों पर हमला करने वाले दो लाख रुपए के इनामी सहित 2 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। गिरफ्तार दोनों नक्सली थाना चिंतलनार क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे है। इन दो नक्सलियों को गिरफ्तार करने में थाना जगरगुण्डा पुलिस बल एवं 165, 223 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने सफलता अर्जित की है। जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन नक्सलियों की गिरफ्तारी हेतु ग्राम सुरपनगुड़ा व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुई थी । इस दौरान ग्राम सुरपनगुड़ा में घेराबंदी कर दो फरार नक्सलियों को पकड़ा गया। वहीं शेष नक्सली जंगल झाड़ी का आड़ लेकर भाग निकले। पकड़े गये नक्सली आरोपियों को पूछताछ करने पर अपना नाम कुहराम हड़मा पिता कुहराम नंदा सुरपनगुड़ा आरपीसी मिलिशिया कमाण्डर इनामी दो लाख उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी नीलापारा सुरपनगुड़ा थाना चिंतलनार एवं बारसे हिड़मा पिता बारसे हुंगा सुरपनगुड़ा आरपीसी मिलिशिया सदस्य उम्र लगभग 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी इंगीपारा सुरपनगुड़ा थाना चिंतलनार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पकड़े गये दोनो नक्सली ▶▶| शेष पेज 12 पर



## वन्य प्राणी के हमले से युवक की मौत

**जगदलपुर**। बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर जिले में महुआ बिन रहे एक युवक पर वन्य प्राणी ने हमला कर दिया। इस हमले में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, यह पूरा मामला कांदुलनार इंद्रावती क्षेत्र का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रावती टाइगर रिजर्व के बीजापुर बफर जोन में 30 वर्षीय सेपा कन्ना महुआ बिनने गया हुआ था। इसी दौरान वन्य प्राणी ने उस पर हमला कर दिया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से गांव में सनसनी फैल गई है और दहशत का माहौल है। वहीं सूचना मिलते ही इंद्रावती टाइगर रिजर्व के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने एरिया में अलर्ट जारी कर दिया है। वहीं इस पर इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि युवक की मौत वन्य प्राणी से हुई पर कौन से प्राणी ने युवक पर हमला किया इसकी जानकारी जांच में पता चल पाएगा, इसकी जांच की जा रही है।






## ओसवाल महिला संगठन की पहल पर धार्मिक नाटिका की प्रस्तुति

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का हुआ भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ओसवाल जैन श्वेताम्बर समाज के बैनर तले ओसवाल महिला संगठन के द्वारा भव्य धार्मिक नाटिका संध्या की प्रस्तुति की गई। यह आयोजन गुरुवार की शाम वाटर फ्रंट में संपन्न हुआ। इस नाटिका संध्या में स्थानीय मंडलों द्वारा मोक्ष गामी आत्माओं की जानकारी नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर मंगलाचरण से की गई। जिसमें ओसवाल महिला संगठन द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से भविष्य में जो आत्माएं जैन तीर्थंकर बनेंगी उनके बारे में जानकारी दी गई। भगवान श्री राम, श्रीकृष्ण, रावण और भी कई आत्माएं ऐसी है भविष्य में जैन तीर्थंकर बनेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बस्तर महेश कश्यप के साथ समाज अध्यक्ष भंवर बोथरा, पूर्व विधायक संतोष बाफना,पूर्व विधायक रेखचंद जैन,महिला संगठन की अध्यक्षा प्यारी नाहटा, मंजू लुंकड़,किशोर पारख,नरेन्द्र ढेलड़िया,श्रीपाल दुग्गड़ जसराज बाफना,संदीप पारख,मनोहर लूनिया अनिल काग़ोत,ज्ञानमल मालू,प्रकाश बुरड,पारसमल कागोत,मनीष पारख,विनोद डाकलिया,मनोहर गोलेछा सम्मलित थे।



### सात मंडलों ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में सात मंडलों ने अपनी प्रस्तुति दी थी जिसमें प्रथम स्थान सुधर्म महिला मंडल और द्वितीय स्थान नेम निरंजन ग्रुप को मिला। कार्यक्रम के निर्णायक के तौर पर कोमलचंद बैद,विजय चोपड़ा,विमल बोथरा,दिनेश कागोत थे।इस अवसर पर पूर्व में हुए कार्यक्रमों का भी पुरुस्कार वितरण किया गया।

### सांसद ने गौ सेवा की तारीफ की

कार्यक्रम में शामिल महेश कश्यप के द्वारा समाज के लोगों द्वारा गौ सेवा, मानव सेवा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का वर्णन किया गया। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज में उभरती हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। संचालन प्रगति जैन, प्रीति बाफना और प्रियंका बोरुंदिया के द्वारा किया गया। आभार संयोजक नीरज बाफना ने माना।

## खबर संक्षेप



### बहीगांव चौक में कार ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, ट्रैक्टर पलटा

**फरसगांव।** नेशनल हाइवे 30 बहीगांव चौक में शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे जगदलपुर की ओर जा रही कार ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर रोड के बीचों बीच पलट गई है। गनीमत है कि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई, ट्रैक्टर चालक को मामूली चोट आई है। एक बड़ा हादसा होते होते टल गया । रोड के बीचों बीच ट्रैक्टर के पलटने से राहगीरों को आवागमन में थोड़ी परेशानी हो रही थी। स्थानीय लोगों और केशकाल पुलिस ने मदद से पलटे हुए ट्रैक्टर को साइड कर सुचारू रूप से आवागमन को शुरू हो पाया । बताया जा रहा है कि कार के ओवर टेक करने के चलते यह हादसा हुआ है।

### सूचना का अधिकार अधिनियम बना मजाकः अधिकारी नहीं दे रहे सूचना

**धनोरा।** सूचना का अधिकार अधिनियम जिसे भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत हथियार माना गया था। इस अधिनियम के माध्यम से सरकार का मंतव्य था कि सरकारी तंत्र में हो रहे कार्यों में पारदर्शिता लाई जा सके और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर जनता के पैसे का विकास कार्यों में खर्च में पारदर्शिता लाकर जनता का विश्वास जीता जा सके। लेकिन आज यह अधिनियम अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी का शिकार बनता जा रहा है। अधिकारी अपने अनुसार इस अधिनियम को ताक पर रखकर आवेदकों को जानकारी नहीं दे रहे हैं। उपसंचालक कृषि कार्यालय कोंडागांव के प्रथम अपीलीय अधिकारी संयुक्त संचालक कृषि बस्तर संभाग के जेडीए ही हैं जो प्रथम अपीलीय अधिकारी होने के साथ ही उपसंचालक कृषि कार्यालय के ऊपर वरिष्ठ कार्यालय प्रमुख हैं। राज्य सूचना आयोग ने बार-बार विभाग प्रमुखों और सामान्य प्रशासन विभाग तक को निर्देश दिया गया है कि प्रथम अपीलीय अधिकारी का दायित्व है कि वें अपने स्तर पर ही प्रकरणों का निपटारा कर आवेदक को सूचना उपलब्ध कराने संबंधी कार्रवाई कर लें ।

# हनुमान जयंती पर सुबह से मंदिर में लगा रहा भक्तों का तांता, दूर-दूर से पहूंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में आज हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम से भक्तिमय वातावरण में मनाई गई। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जो दूर–दूर से भगवान हनुमान के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचे थे। मंदिर को विशेष रूप से रंग–बिरंगे फूलों और आकर्षक दीपों से सजाया गया था। जिससे पूरे परिसर में एक दिव्य और मनमोहक छटा बिखरी हुई थी। श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया और भगवान हनुमान की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक प्रसाद चढ़ाया। मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष पूजा–अर्चना का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके साथ ही, हनुमान चालीसा का पाठ दिनभर चलता रहा जिसकी मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। शाम के समय भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो गए। बच्चों और युवाओं ने भी इस अवसर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने धार्मिक झांकियां प्रस्तुत कीं जिनमें भगवान हनुमान के जीवन से जुड़ी विभिन्न घटनाओं को दर्शाया गया। इसके अतिरिक्त, कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक नृत्य और संगीत शामिल थे। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान से अपने और अपने परिवार के लिए सुख–समृद्धि और आरोग्य की कामना की। मंदिर के पुजारी ने सभी भक्तों को हनुमान जी की महिमा और उनके आदर्शोंर् के बारे में बताया।

### रंग–बिरंगे फूलों और आकर्षक दीपों से सजाया गया मंदिर



#### कोंडागांव में श्रद्धा और भक्ति का एक अद्भुत संगम

पूरे दिन मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण में भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मंदिर समिति और स्थानीय प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे ताकि सभी श्रद्धालु शांतिपूर्वक दर्शन और पूजन कर सकें। हनुमान जयंती का यह भव्य आयोजन कोंडागांव में श्रद्धा और भक्ति का एक अद्भुत संगम रहा।

### संत पीपा महाराज के जीवन व उनके आध्यात्मिक संदेशों पर डाला प्रकाश

# दर्जी समाज ने हर्षोल्लास से मनाई हनुमान व पीपा महाराज जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



दर्जी समाज द्वारा स्थानीय दर्जी भवन में हनुमान जयंती एवं पीपा महाराज जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर समाज के अनेक सदस्य बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और भक्तिमय माहौल में दोनों महान विभूतियों के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा के पाठ से हुआ, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का संचार हुआ। इसके पश्चात मधुर भजनों और कीर्तनों का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित समाज के सदस्यों ने तल्लीन होकर प्रभु के गुणगान किए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने संत पीपा महाराज के जीवन और उनके आध्यात्मिक संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने पीपा महाराज की सादगी, त्याग और भक्ति भावना की सराहना करते हुए उनके जीवन में अपनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने बताया कि पीपा महाराज एक महान संत और समाज सुधारक थे, जिन्होंने भक्ति के माध्यम से ईश्वर को प्राप्त करने का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद समाज के सदस्यों ने मिलकर सामूहिक भोज का आनंद लिया। जिससे आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को और अधिक बल मिला। दर्जी समाज के सदस्यों ने इस सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज को एकजुट रखने और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और महान संतों के आदशोंर् से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाज के लोगों ने भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करने का संकल्प लिया।

### पंचायत सचिवों ने हड़ताल के 27 वें दिन किया हनुमान चालीसा का पाठ

**फरसगांव।** शासकीयकरण की मांग को लेकर फरसगांव जनपद क्षेत्र के पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। आंदोलन में बैठे पंचायत सचिवों की मांग पर राज्य सरकार की ओर से किसी तरह पहल नहीं होने से पंचायत सचिव नाराज है उनके द्वारा हर दिन अलग अलग तरीकों से प्रदर्शन कर रहे है। इसके बावजूद सरकार उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है।



हड़ताल के 27वें दिन हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने हनुमान जयंती के अवसर पर हड़ताल स्थल पर भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की गई जिसके बाद सभी लोगों ने हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा का पाठ किया ताकि सरकार को सद्बुद्धि मिल सके।फरसगांव ब्लाक के पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष उमेश पांडे में बताया कि सचिव संघ के प्रांतीय आवाहन पर सचिवों के द्वारा अनिश्चिकालीन हड़ताल पर है। पंचायत सचिव करीब माह भर से आंदोलन कर रहे हैं इसके बावजूद उनकी मांगों को सरकार लगातार अनसुना कर रही है। आज शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर सभी सचिवों ने भगवान हनुमान की पूजा करने के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिसके बाद पंचायत सचिव 13 अप्रैल से 19 अप्रैल तक पंचायत सचिव जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल कर रहेंगे और 20 अप्रैल को प्रदेश के सभी सचिव जंतर मंतर दिल्ली पहुंचकर 21 अप्रैल से जंतर मंतर में प्रदर्शन करेंगे ।

# मर्दापाल में हुआ भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन

### मंत्री केदार कश्यप हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने आज नारायणपुर विधानसभा के मर्दापाल मंडल में आयोजित भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में भाग लिया। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया था।

■ जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव–गांव और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का किया आह्वान

सभा को संबोधित करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि भाजपा शुचिता, शिष्टाचार और राष्ट्रवादी राजनीति की सूत्रधार है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब विश्व की पांचवीं से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर नल–जल, आयुष्मान भारत, तीन तलाक उन्मूलन, धारा 370 हटाने और राम मंदिर निर्माण जैसी उपलब्धियों को कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय बताया। मंत्री कश्यप ने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव–गांव और घर–घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन की अवधारणा से बार–बार होने वाले चुनावों में जनता, प्रशासन और संसाधनों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सकता है, जिससे देश की ऊर्जा और समय का सदुपयोग होगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, मंडल अध्यक्ष पवन कोर्राम सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सट्टापट्ट व 14 हजार जब्त, तीन सटोरिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



मुखबिर के सूचना पर बाजारपारा में निमई दास के किराये के मकान में रेड कार्यवाही शुक्रवार को किया गया। इस दौरान 2 सटोरियों को पकड़ा गया, जिनके कब्जे से नगदी रकम 13,684 रूपए, 6 टच स्क्रीन मोबाईल, 2 डाट पेन, 1 रजिस्टर व पर्ची बरामद हुआ। आरोपियों पर जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। उनसे पूछताछ में मुख्य खाईवाल आकाश विश्वास उर्फ पिन्टू की संलिप्ता होना बताया गया है, जिसके बैंक खाता में 5,47,000 रूपए फ्रिज किया गया। जिसके संबंध में तस्दीक की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना दंतेवाड़ा के उनि. राम कुमार श्याम, किशोर कुमार जोशी, पंकज धर, प्रआर. सुकालु कड़ती व तकनीकी शाखा दंतेवाड़ा में पदस्थ स्टाफ की प्रमुख भूमिका रही है। जिला में अपराध पर अंकुश लगाने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार, रामकुमार वर्मन के मार्गदर्शन एवं राहुल उईके पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के पर्यवेक्षण में ठाकुर गौरव सिंह, प्रभारी तकनीकी शाखा एवं थाना प्रभारी व थाना स्टाफ के द्वारा अपराध में अंकुश लगाने लगातार कार्यवाही की जा रही है।

■ 6 टच स्क्रीन मोबाइल, 2 डाट पेन, 1 रजिस्टर व पर्ची बरामद

## पेज 11 के शेष

### विधायक किरण सिंह ....

कर छूट का लाभ भी प्राप्त किये। शनिवार को शांति नगर स्थित आवास में राजस्व अधिकारी विनय श्रीवास्तव एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा की उपस्थिति में संपत्ति कर जमा किये।

### हनुमान जयंती पर ...

करने सम्मलित हुए। वही आड़ावाल स्थित सोमानी कोल्ड स्टोरेज स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ किया गया। ततपश्चात पूजा अर्चना आरती पश्चात भंडारा किया गया। 80 बटालियन सीआरपीएफ केम्प नया बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में पंडित शुक्ला के नेतृत्व में सुबह 10 बजे से अखण्ड रामायण पाठ का श्री गणेश किया गया। रविवार को रामायण पूजा आरती पश्चात श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी व खीर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। धरमपुरा 3 नम्बर में हुनमान जी की प्रतिमा विराजित गाजे-बाजे और डीजे के भजन धुन पर पंडाल में हनुमान प्रतिमा स्थापित किया गया। जहां विशेष पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। प्रवीर वार्ड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हनुमान चालीसा पाठ एव सुंदरकांड पाठ किया गया। आरती पश्चात बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं अन्न भोग का प्रसाद ग्रहण किया।

### आधा दर्जन गांवों ....

जोड़ा गया। इससे शिवनी उपकेन्द्र के 33, 11 केव्ही लाईन से टकरागुड़ा, घोटिया आदि को लो-वॉल्टेज एवं बार-बार ट्रिपिंग की समस्या का छुटकारा मिला। लाईन जोड़ने के दौरान विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, दिलीप कुमार सैनी, कार्यपालन अभियंता सलीम खान, सुदीप खेस, टीएस ऊईके, सहायक अभियंता नंदलाल काशी आदि शामिल रहे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बार-बार बिजली बंद एवं लो-वॉल्टेज से परेशान रहे, लेकिन विद्युत कंपनी के प्रयास से गांवों में अब बेहतर बिजली सेवा मिल रही है।

### दो लाख का....

आरोपी थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत 3 नवम्बर 2024 को जगरगुण्डा के साप्तहिक बाजार में दो जवानों को गंभीर रूप से घायल कर उनके हथियारों को लूट कर ले जाने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहे है । घटना के संबंध में पूर्व से थाना जरगुण्डा में अपराध पंजीबद्ध थी । उपरोक्त घटना में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार दो नक्सलियों को 10 अप्रैल को गिरफ्तार कर 11 अप्रैल को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड मिलने पर जेला भेजा गया ।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र कोण्डागांव
जिला के अंतर्गत कोण्डागांव शहर में एजेंसी (ब्यूरो) देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, जगदलपुर
पुनम हॉटल, प्रतापगंज पारा,
मो. 9425590411, 9131893124
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
0771-4242211
9303340022

### नवीन कॉलेज के 9 खिलाड़ी नेल्लूर में दिखाएंगे दम



**धनोरा।** दंतेवाड़ा में सॉफ्टबॉल सेक्टर स्तरीय महिला पुरुष दोनों वर्गों में चयन के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें नवीन शासकीय महाविद्यालय धनोरा से 12 महिला व 12 पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिनमें से कुल 9 खिलाड़ियों का सलेक्शन अगले चरण के लिए हुआ है। पुरुष वर्ग में योगेंद्र, संन्यासी, वैभव, मुकेशवर, सूरज व महिला वर्ग में लालिमा, अनिता, यलका और विमला मई में होने वाले आंध्र प्रदेश नेल्लूर में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में बस्तर यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि के पीछे महाविद्यालय के सहायक क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार यादव का महत्वपूर्ण योगदान है और इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य सामंत देव सोनवानी एवं ओ पी साहू, राजेन्द्र बघेल और महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण उत्तम प्रसाद निराला, दिव्या मधुलता, गीता यादव, माधुरी परस्ते, सावित्री पोयाम, अमृता साहू, गौतम पटेल, प्रतीक साहू, गौतम जैन, घनश्याम साहू एवं भूपेंद्र प्रधान और रवि यादव ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता –
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला–धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
ISO 9001 CERTIFIED

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



अन्नदाताओं की समृद्धि एवं लोक आस्था से जुड़े पर्व
बैसाखी
की लख-लख बधाईयाँ...
शुभम मेडिकल स्टोर्स
बालाजी वार्ड, जगदलपुर
फोन- 07782-223683
सुखबीर सिंह रियार
(पप्पू)


नए दौर, नए युग की शुरुआत। सत्यता, कर्तव्यता हो सदा साथ,
बैसाखी का यह सुंदर पर्व। सदैव याद दिलाता है मानवता का पाठ।।
अन्नदाताओं की समृद्धि एवं लोक आस्था से जुड़े पर्व बैसाखी
की आप सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं
बैसाखी
की लख-लख बधाईयाँ...
TATA
पार्ट्स के विक्रेता
Ashok Leyland
जस
ऑटोमोबाईल्स
apollo TYRES
JK TYRE
अधिकृत डीलर
जस
टायर्स
जस
ट्रेड लिंक
बीआर कोल्ड स्टोरेज के पीछे, गीदम रोड, जगदलपुर 94255 90234, 87208 84444


फूलों की महक,
गेहूं की बालियां,
तितलियों की रंगत,
अपनों का प्यार,
सब को दिल से मुबारक हो
बैसाखी का त्यौहार!
बैसाखी
की लख-लख बधाईयाँ...
श्रीमती मनप्रीत कौर (पार्षद, गांधी नगर वार्ड) विक्रम सिंह डांगी


आप समस्त प्रदेशवासियों को समृद्धि एवं हर्षोल्लास के पर्व
बैसाखी
की लख-लख बधाईयाँ...
नए दौर, नए युग की शुरुआत
सत्यता, कर्तव्यता हो सदा साथ,
बैसाखी का यह सुंदर पर्व
सदैव याद दिलाता है मानवता का पाठ
गैदू फ्यूल्स
डीमरापाल, जगदलपुर
मलकीत सिंग गैदू
हरप्रीत सिंग गैदू (निटू)
जसमित सिंग गैदू (टिकू)


श्री गुरुनानक पब्लिक
हॉयर सेकेण्ड्री स्कूल
अंग्रेजी माध्यमः सीजीबीएसई - 532012
डाईस कोड- 22153308631
Happy Baisakhi
आप सभी को
बैसाखी
की हार्दिक शुभकामनाएं
ये पर्व आपके जीवन में
हर्ष, उल्लास व ढेर सारी
खुशियां लेकर आए।
सफलता के
31 वर्ष
प्रवेश प्रारम्भ
कक्षाएं प्रारंभ 16 जून 2025 से
नर्सरी से 12वीं
(गणित, विज्ञान एवं वाणिज्य)
हमारी विशेषताएँ
बस सुविधा उपलब्ध
100% बोर्ड परिणाम
अनिवार्य कम्प्यूटर शिक्षा
सर्व सुविधायुक्त क्लासरूम
नर्सरी के बच्चों हेतु खिलौने
साफ सुथरे एवं हवादार कक्ष
प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षक
छात्र-शिक्षक अनुपात (20:1)
सर्व सुविधायुक्त प्रयोगशालाएँ
नैतिक एवं सांस्कृतिक शिक्षा
छोटे बच्चों हेतु पार्क
विशेष खेलरूम (छोटे बच्चों हेतू)
डिजीटल क्लासरूम (नर्सरी से पांचवी)
पहली से बारहवीं
नर्सरी से यूकेजी
स्मार्ट क्लासेस
कमजोर बच्चों हेतु
विशेष कक्षाएं
संजय बाजार, जगदलपुर, बस्तर (छ.ग.)
संपर्क करें: 07782-358892, 9406225201 समयः 08:20 से 01:40 तक


अन्नदाताओं की समृद्धि एवं लोक आस्था से जुड़े पर्व
बैसाखी
की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
BTH
भारत टेंट हाउस
एण्ड कैटरिंग
YOUR WEDDING
DREAM IS OUR
PASSION
All TYPE OF EVENTS
BENGALI PANDAL
LIGHT & SOUND
WEDDING PLANNING
FLOWER DECORATION
WAITER SERVICES
BHARAT TENT HOUSE & CATERING
Maitri Sangh Gali, Kumharpara, Jagdalpur.
Nitesh: 9993681995, 9407710502 Naresh: 9753212185

## हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह भंडारा...



**जगदलपुर।** रामनवमी के बाद आज हनुमान जन्मोत्सव पर भी शहर के सभी बजरंगबली मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। पूजा पाठ, हवन के बाद दोपहर में भंडारा में भोग प्रसाद वितरण किया गया। सर्किट हाउस रोड के केरला होटल के समीप हलवा भक्तों को दिए गए। वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने स्टॉफ के द्वारा खिचड़ी खिलाया गया। आगे कुम्हारपारा के अंजनेश्वर पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी खिचड़ी का प्रसाद भक्तों ने पाया। कुल मिलाकर पूरे शहर में जगह–जगह भंडारा का आयोजन किया गया।

### खबर संक्षेप

#### जोड़ातराई में श्रीगणेश मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 15 व 16 अप्रैल को



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत जोड़ातराई मंझारपारा में नवनिर्मित भव्य श्रीगणेश मंदिर में प्रतिमा स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आगामी 15 एवं 16 अप्रैल को किया जाएगा। स्व. बैसु बाबा सामाजिक उत्थान समिति जोड़ातराई द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में विभिन्न आध्यात्मिक विभूतियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के अनुसार 15 अप्रैल को वास्तु पूजा, कलश स्थापना, कलश यात्रा और देव प्रतिमा का स्नान किया जाएगा। इसी दिन सांय 6 बजे से अगले दिन प्रातः 6 बजे तक भगवान शिव का अखंड जाप भी चलेगा। मुख्य प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन पूजन 16 अप्रैल को संपन्न होगा। इस अवसर पर साधु-संतों एवं विशिष्ट अतिथियों का आशीर्वचन होगा।

### जयश्री हनुमान के जयघोष से गूंजा बस स्टैंड परिसर

# हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ अखंड मानस पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शनिवार को श्रीहनुमान जन्मोत्सव जिले में धूम-धाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय में ही जगह-जगह स्थापित हनुमान मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन किये गये। बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में अखंड रामचरित मानस का पाठ किया गया। वहीं सुरभि कॉलोनी में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। दोनों ही मंदिरों में अनुष्ठान के बाद भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया।



शहर के बस स्टैंड स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में शुक्रवार की सुबह कलश स्थापना के साथ अंखड मानस पाठ आरम्भ किया गया। इस अखंड पाठ का समापन शनिवार की दोपहर पूर्णाहुति के साथ हुआ। समापन के समय रामायण जी और हनुमान जी की आरती की गई। जिसके बाद भक्तों के लिये भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। शहर के व्यस्ततम क्षेत्र में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भंडारे में हलवा, पूड़ी, सब्जी, खीर, बूंदी, लड्डू, शरबत इत्यादि की व्यवस्था मंदिर समिति द्वारा की गई थी। इस भव्य आयोजन पर लोगों का मानना है कि धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ने की वजह से ही इन पर्वो में लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

#### सुरभि कॉलोनी में आयोजन

शहर के सुरभि कालोनी के समक्ष स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में कालोनीवासियों द्वारा शनिवार को भंडारे का आयोजन भी किया गया था। श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर यहां समिति द्वारा सुंदर कांड का पाठ किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने न केवल सुंदरकांड का आनदं लिया बल्कि भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया।

# विधायक ने किया 15 लाख की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/भोंड

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखेश्वर बघेल ने बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत भोंड एवं तेतरगुड़ा में विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को नई सौगात दी।

ग्राम भोंड में विधायक निधि से 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस भवन तथा तेतरगुड़ा में 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित तेलगिन मातागुड़ी भवन का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इन दोनों भवनों के निर्माण में कुल 15 लाख रुपये की लागत आई है। लोकार्पण कार्यक्रम में ग्रामीणों की



उपस्थिति उत्साहजनक रही। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनका पहला कर्तव्य है।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण अंचलों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश राम बघेल, सरपंच जलनधर कश्यप, सुकरु राम बघेल अनन्त राम, धनुर्जय पुजारी कृपालु कश्यप सहित कई जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# सुशासन में दिख रही उत्सुकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुशासन त्यौहार में ग्रामीणों द्वारा अपनी-अपनी मांग लेकर चौपाल पहुंचकर आवेदन कर रहे हैं। सरकार की योजना को ग्रामीणों ने सराहा है। चौपाल में उपस्थित भाजपा के जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा महेंद्र सेठिया, वर्तमान अध्यक्ष मंडल सतीश सेठिया, जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा जितेंद्र सेठिया चौपाल में उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं के बारे में आम जनता को जानकारी दी गई।

#### बारसूर वार्षिक मंडई मेला 14 से 16 अप्रैल तक

**गीदम।** जिले की ऐतिहासिक, धार्मिक नगरी बारसूर के माता सोनादई मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक मंडई मेला 14 अप्रैल से 16 अप्रेल तक आयोजित किया जा रहा है। इस वार्षिक मेले में बारसूर परगना के सैकड़ों देवी-देवता अपने पुजारी, सेवादार के साथ छत्र, लाट सहित सम्मिलित होंगे। छिन्दक नागवंशी राजाओं की राजधानी रही बारसूर के इस वार्षिक मेले की गौरवमयी, ऐतिहासिक परंपरा रही है। बस्तर देव सेवा समिति बारसूर के अध्यक्ष जगत सिंह पुजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हजारों वर्ष पहले से छिन्दक नागवंशी राजाओं की राजधानी रही बारसूर में वार्षिक मेला पूरी राजसी भव्यता के साथ धूमधाम से मनाया जाता रहा है। राजाओं की कुलदेवी मावली मणिकेश्वरी दंतेश्वरी देवी को यह मेला समर्पित है। वर्तमान में आर्थिक समस्याओं के बाद भी मेले को पूरी भव्यता देने का प्रयास किया जाता है।

# समस्याओं का होगा जल्द समाधान : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ विधायक चैतराम अटामी ने ग्रामीणजनों की सुनी समस्या

वरिष्ठ भाजपा नेता व क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी प्रदेश सरकार द्वारा जिले में चल रहे सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत दंतेवाड़ा नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 मांझीपदर, गीदम नगर पंचायत क्षेत्र के मस्जिद पारा एवं विकासखण्ड गीदम के ग्राम पंचायत कासोली पहुंचे। विधायक चैतराम अटामी ने वार्डवासियों एवं ग्रामीणजनों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान किया। साथ ही क्षेत्रीय विधायक के समक्ष वार्डवासियों व ग्रामीणों ने सड़क एवं गांव व वार्ड के विकास के



संबंध में मांग रखी जिस पर विधायक ने सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए विकास के सभी कार्यों को जल्द पूरा करने की बात कही।

विधायक चैतराम अटामी ने कहा की मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमारे जिले में सुशासन तिहार 2025 की शुरुआत हो चुकी है।

यह अभियान आम जनता की समस्याओं को समझने और उन्हें दूर करने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई एक सराहनीय पहल है। ग्राम पंचायत से लेकर कलेक्टोरेट तक, हर कार्यालय में समाधान पेटियां लगाई गई हैं, जहां 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आमजनता अपनी शिकायतें और सुझाव दे रहे हैं। हर आवेदन की पावती दी जा रही है और इसकी ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है, ताकि किसी को भी अपनी बात रखने में कोई परेशानी न हो। 11 अप्रैल के बाद इन सभी आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए समाधान शिविरों का आयोजन 5 मई से 31 मई तक किया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनकी समस्याओं की स्थिति की जानकारी दी जाएगी और जहां संभव होगा, समस्या का तत्काल समाधान भी किया जाएगा। इस अभियान में हमारे सांसद, जनप्रतिनिधि, अधिकारी सभी मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि हर नागरिक को बेहतर शासन का अनुभव हो सके। मैं आप सभी से अपील करता हूँ, आगे आइए, अपनी बात कहिए और इस सुशासन तिहार में सक्रिय भागीदारी निभाइए। आपका साथ ही हमारा विश्वास है।

#### कृषि विज्ञान केंद्र ने मनाया पोषण पखवाड़ा

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र शांति नगर सुकमा में पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैज्ञानिक डॉ. परमानंद साहू ने भारत तथा छत्तीसगढ़ में एनीमिया से महिलाओं एवं बच्चों की बढ़ती संख्या, समस्याएं व रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला। शास. बालक उच्च. माध्य. विद्या. कुम्हाररास सुकमा के हेल्थ केयर शिक्षिका, कविता साहू ने बताया कि एनीमिया एक रक्त विकार जिसके कई कारण हो सकते हैं, जिनमें मुख्य रूप से आयरन, फोलेट, और बी12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, संक्रमण और बीमारी, आनुवंशिक असामान्यताएं और रक्त की कमी शामिल हैं। जिसके कारण थकान, कमजोरी और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है, और यह बच्चों के विकास और सीखने की क्षमता पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।

# तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की शक्ति है संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने एकजुट होकर कार्य करने किया प्रेरित

न्यायिक जिला स्थापना जगदलपुर के तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारियों की आवश्यक बैठक बुधवार को न्यायिक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा ली गई। बैठक में प्रमुख रूप से न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष युधेश्वर सिंह ठाकुर, संरक्षक पीके देवांगन, शरद पटेल, प्रांतीय सचिव धीरज पलेरिया, प्रांतीय कोषाध्यक्ष नागेश्वर सिंह मौर्य सहित प्रांतीय कार्यकारिणी सहित अन्य जिलों के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में मंच संचालन तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राकेश



तिवारी ने किया। प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों को न्यायिक जिला स्थापना जगदलपुर की ओर से पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया और तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट की। न्यायिक कर्मचारियों की महत्वपूर्ण मांगों के संबंध में न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी द्वारा जिला न्यायालय के समस्त तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को संगठन ही शक्ति है बताते हुए उनके वेतन विसंगति एवं अन्य अधिकारों के संबंध में प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा किए जा रहे कार्यवाहियों से अवगत कराया गया तथा उन्हें एकजुट होकर कार्य करने को प्रेरित किया गया।

# नक्सलवाद का विचार खत्म करना सरकार का लक्ष्य हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा की प्रमुख संयोजक नवनीत चांद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि केंद्र सरकार एवं पार्टी के आला नेता अमित शाह द्वारा नक्सलवाद के 2026 खात्मे का डेड लाइन तो घोषित कर दिया गया परन्तु इसके बाद बस्तर विकास को लेकर क्या योजना होगी। इसके बाद बस्तर औद्योगिक भूमि बनाना ही और अपने प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर अपने ढंग से बस्तर को चलाना होगा या फिर केवल विकास को लेकर दिल्ली या प्रदेश की राजधानी के टेबल पर ही चर्चा होती रहेगी यह जानना बस्तर वासियों के हित का प्रमुख सवाल है। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग में लोह अयस्क की चार डिपॉजिट की नीलामी प्रक्रिया पूरी हो गई है। विश्व की बड़ी कंपनी और आर्सेलर मित्तल, रूंगटा स्टील इसमें शामिल है। इससे डेढ़ लाख करोड़ राजस्व की प्राप्ति होगी पर किस तरह से बस्तर विकास में इसे लगाया जाएगा इसे लेकर चर्चा जरूरी है। चांद ने कहा कि सरकार नक्सलवाद के खात्मे की बात कर रही है इसके बाद बस्तर में विकास का रोडमैप में क्या होगा। बस्तर में विकास की योजनाओं पर कार्य किस तरह होगा। चांद ने कहा कि बस्तर में सभी पार्टी के नेता जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध पत्रकार इस विषय में एक जगह एकत्रित होकर चर्चा करें कि महज औद्योगिकरण से बस्तर के मूल जंगल जमीन जल के साथ यहां के आम लोगों को क्या फायदा होगा। उन्होंने कहा कि बस्तर की मूल पहचान, सांस्कृतिक विरासत को कायम रखते हुए बस्तर के लोगों के जल जंगल, रोजगार, जैसे सभी अधिकार और विकास पर बस्तर के लोगों की भागीदारी हो बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा यही चाहती है।



सभी राजनीतिक पार्टी के नेता ,चुने हुए जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध जानकार एवं पत्रकार गणों के साथ इस विषय पर सरकार चर्चा करें उन्होंने कहा कि हम इस विषय पर सभी पार्टी के सामने अपनी बात रखेंगे और संबंधित सरकार के साथ उनके नेता आदि चर्चा करेंगे।

# मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प में 10 रूपए में होगी शुगर की जांच

### बिजनेस साइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महारानी अस्पताल के सामने स्थित गोपाल मेडिकल स्टोर्स के ऊपर रविवार को मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प के नाम से निःशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में एम.बी.बी.एस, एम.डी. (इंटरनल मेडिसिन) डॉ. मेनका खरे अपनी सेवाएं देंगी।

गोपाल मेडिकल के सुमीत अग्रवाल ने बताया कि उक्त शिविर का उद्देश्य स्थानीय मरीजों को लाभ पहुंचाना है। शिविर में कई महत्वपूर्ण रक्त से संबंधित टेस्ट बेहद किफायती दरों पर किए जाएंगे। यहां मरिजों को शुगर, बी.पी., कोलेस्ट्रॉल, थायराईड, सर्दी, खाँसी, बुखार, गैस्ट्रिक, हाइपरटेंशन, फैटी लिवर, अस्थमा, माईग्रेन, नस, जोड़ो का दर्द, कमर दर्द, चक्कर एवं अन्य परामर्श का लाभ मिल सकेगा। विशेष ऑफर के तहत शिविर में रक्त के कई महत्वपूर्ण टेस्ट मात्र 10 रुपए से कराए जा सकेंगे। जिसमें शुगर, कोलेस्ट्राल, हीमोग्लोबिन, क्रिएटिनिन एवं यूरिन टेस्ट होंगे। साथ ही 5 सौ से 12 सौ रुपए तक में होने वाले गंभीर बिमारियों के टेस्ट महज 2 सौ से 7 सौ रुपए में यहां उपलब्ध होंगे। जसमें एचबीए1सी, लिपिड प्रोफाइल, थायराईड प्रोफाइल, विटामीन डी एवं विटामीन बी12 प्रमुख हैं। रविवार को सुबह दोपहर 2 बजे से 9 बजे तक मरिजों को ये सुविधाएं मिलेंगी।

# अस्पताल चौक में बनाया जा रहा हैं अटल परिसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता और और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर बचेली में अटल परिसर रेती पारा अस्पताल चौक में बनाया जा रहा हैं। इस सम्बन्ध में नगर पालिका इंजीनियर संतोष कुमार नेगी ने बताया की नगरीय प्रशासन विभाग के तरफ से निर्देश और बजट जारी कर दिया गया हैं। प्रदेश क्रे नगरीय प्रशासन मंत्री और डिप्टी सीएम अरुण साव के निर्देश पर विभाग ने यह आदेश जारी किया हैं। इसमें बताया गया हैं, की डिप्टी सीएम के तरफ से विधानसभा सदन में किये घोषणा क्रे परिपालन में प्रदेश के सभी नगरीय निकाय में अटल परिसर स्थापित किया जाना हैं। नगर पालिका निगम के लिए 50 लाख, नगरपालिका के लिए 30 लाख और नगर पंचायत के लिए 20 लाख स्वीकृत की गयी हैं। संतोष कुमार नेगी के अनुसार चुंकि बचेली नगरपालिका में आता हैं अतः अटल परिसर निर्माण क्रे लिए 30 लाख का मद अधो संरचना फण्ड से स्वीकृत हुआ हैं। निर्माण कार्य समापन की तिथि 30 अप्रैल तक हैं,कार्य लगभग पूर्ण हों चूका हैं। अटल जी की मूर्ति लगभग पूर्ण हों चुकी हैं, जिसकी कीमत 12 लाख रूपए के आस पास हैं परिसर निर्माण,लाइट, एवं साज सज्जा पर 18 लाख के आस पास का खर्च हैं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
▸ किडनी फेलयर (ARF/CRF)
▸ डायलिसीस
▸ बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
▸ नेफ्रोटिक सिंड्रोम
▸ हाई बीपी (HIGH BP)
▸ PCNL
▸ AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411